बजट में सिगरेट तस्करी पर लगे लगाम हर साल 13,000 करोड़ रुपये की चपत

नई दिल्ली। किसान संगठन फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया फार्मर एसोसिएशन ने सरकार से सिगरेट की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए जरूरी कदम उठाने का अनुरोध किया है।

संगठन का कहना है कि सिगरेट की तस्करी से सरकारी खजाने को सालाना 13,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बजट पूर्व प्रस्तुति में सिगरेट की तस्करी के बढ़ते खतरे के बारे में कहा, इससे कई परेशानिया हो रही हैं। अपराध के बढ़ने से लेकर सरकार को करों का भारी नुकसान हो रहा है। एजेंसी